!! जय श्री राधे !! Reg. No.- IV 3/19

# श्री विशाखा रमण बिहारी रासलीला मण्डल संस्थान (रजि.)



भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं संरक्षण हेतु स्थापित

# Shri Vishakha Raman Bihari Raslila Mandal Sansthan (Regd.)

**संस्थापक - स्वामी दाऊदयाल उपाध्याय**

क्र.सं..................                                   दिनांक **29/03/2026**

सेवा मे.
माननीय अध्यक्ष महोदय,
संगीत नाटक अकादमी.
नई दिल्ली।

**विषयः रासलीला (वृंदावन, मथुरा) को यूनेस्को की प्रतिनिधि सूची (Intangible Cultural Heritage of Humanity) में शामिल किए जाने हेतु सहमति पत्रा**

**महोदय,**

सविनय निवेटन है कि मैं स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय जी महाराज इस पत्र के माध्यम से रासलीला (वृंदावन, मथुरा) को यूनेस्को की **"Representative List of Intangible Cultural Heritage of Humanity"** में शामिल कराने के प्रस्ताव के प्रति अपनी पूर्ण सहमति एवं समर्थन व्यक्त करता हूँ।

रासलीला एक प्राचीन लोक परंपरा हैं, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य और नाटक का एक अद्वितीय समन्वय प्रस्तुत करती है। इसमें आध्यात्मिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का समृद्ध समावेश है. साथ ही इसका वैज्ञानिक एवं दार्शनिक महत्व भी अत्यंत महन है। यह परंपरा अंतर्राष्ट्रीय शांति. समृद्धि और मानवीय एकता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में कार्य करती हैं।

इन दिव्य लीलाओं के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। रामलीला ने प्रदर्शन कलाओं की वैटिक परंपराओं-गायन, नृत्य एवं अभिनय को सशक्त बनाते हुए उन्हें जीवंत बनाए रखा है। इसके अतिरिक्त, यह नारी गरिमा, उदारता, पारस्परिक सम्मान एवं सामाजिक मूल्यों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है।

रासलीला की विशेषता यह है कि यह जाति. धर्म एवं लिंग के सभी भेटभावों से परे एक समावेशी और धर्मनिरपेक्ष सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाती है। यह सामाजिक सद्भाव, प्रेम और एकता का जीवंत उदाहरण है। इन लीलाओं में निहित सार्वभौमिक प्रेम एवं "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना सम्पूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में जोड़ने में सहायक है।

अतः मैं इस प्रस्ताव के समर्थन में रासलीला (वृंदावन, मथुरा) को यूनेस्को की उक्त सूची में शामिल किए जाने की सशक्त अनुशंसा करता हूँ तथा इस हेतु अपनी पूर्ण सहमति प्रदान करता हूँ।

दाऊदयाल

!! जय श्री राधे !!

**रासलीला**
**रामलीला**
**गौरांगलीला**
**एवं**
**भक्ति चरित्र व**
**श्रीमद्भागवत**
**कथा के लिए**
**सम्पर्क करें।**

**निवास**
परिक्रमा मार्ग,
रामनगर कॉलोनी
गोपाल खार, वृन्दावन-281121
फोन : 9411063870
9956440602

कार्यालय
**श्रीधाम वृन्दावन**

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मथुरा होगा।